तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 28 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बिना भवन अनुज्ञा के मकान-दुकान बनाने वालों पर होगी ...



14 नवागढ़ में अध्यात्म कथा सरिता का भव्य शुभारंभ...



## खबर संक्षेप

### दाढ़ी नगर पंचायत में प्रतिनिधि पति चला रहे शासन, महिला जनप्रतिनिधि नदारद

**बेमेतरा/दाढ़ी।** नगर पंचायत दाढ़ी में महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। ग्राम सभा से लेकर पंचायत की बैठकों तक, महिला जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पति पूरी तरह से सक्रिय नजर आते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि महिला पार्षद और अध्यक्ष चुनाव जीतने के बाद सार्वजनिक जीवन से गायब हो जाती हैं। उनकी जगह उनके पति ही सभी बैठकों में शामिल होते हैं और मनमानी तरीके से निर्णय लेते हैं। पंचायती राज का उद्देश्य था कि महिलाएं विकास की मुख्यधारा में आएं, लेकिन दाढ़ी समेत कई पंचायतों में यह उद्देश्य अधूरा रह गया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी है, लेकिन कार्रवाई शून्य है। स्थिति यह है कि नगर पंचायत दाढ़ी के अधिकारी कर्मचारी भी पति को ही 'प्रतिनिधि' मानकर बैठकों में शामिल होने की अनुमति देते हैं। जब इस मामले पर पदाधिकारियों से सवाल किया गया, तो उन्होंने चुप्पी साध ली।

### अरुण साव ने किया जनमन पत्रिका का अवलोकन

**बेमेतरा।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ग्राम जेवरी में आयोजित सुशासन शिविर पर मंच पर उन्होंने जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका "छत्तीसगढ़ जनमन" का अवलोकन किया और विभाग की विभिन्न योजनाओं तथा उपलब्धियों से जुड़ी प्रचार सामग्री का निरीक्षण किया। मंच पर अतिथियों के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित विभिन्न पुस्तिकाएं, पत्रिकाएं और योजनाओं की जानकारी से संबंधित प्रचार साहित्य अवलोकन हेतु प्रस्तुत किया गया था। श्री साव ने पत्रिका की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सामग्री आमजन को शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी देने में सहायक सिद्ध होती है। शिविर में उपस्थित गणमान्य नागरिकों और ग्रामीणजनों को "छत्तीसगढ़ जनमन", "मोर दुवार साय सरकार", "सुशासन के नवीन आयाम" जैसी पत्रिकाएं निःशुल्क वितरित की गईं। इन पत्रिकाओं के माध्यम से नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और नीतियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। लोगों ने बताया कि इस प्रकार की पत्रिकाएं उन्हें शासन की योजनाओं को समझने और उनसे जुड़ने में मदद करती हैं। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार 2025 के तहत जिले भर में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें शासन की योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। जेवरी ग्राम में आयोजित इस शिविर में भी बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही और उन्होंने विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ ऑन-द-स्पॉट लाभ भी प्राप्त किया।

# जिले के स्काउट्स गाइड्स को राज्यपाल डेका ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में राजभवन में स्काउट्स और गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने राज्य के सर्वश्रेष्ठ स्काउटर, गाइडर, रोवर, रेंजर, एवं स्काउट-गाइड को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या को देखते हुए प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबकी सबसे बड़ी जवाबदारी है। स्काउट्स एवं गाइड्स को इसमें अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम पर लगाने और दोस्तों एवं परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने को कहा।

राज्यपाल रमेन डेका ने सम्मान प्राप्त होने पर स्काउट्स एवं गाइड्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स अपने आदर्श वाक्य तैयार रहो के अनुरूप हमेशा अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी के साथ देश और समाज की मदद हेतु तत्पर रहते हैं। देश के युवाओं को अच्छे नागरिक बनने, आत्मनिर्माण करने और सेवा कार्य हेतु सदा तैयार रहने की प्रेरणा देते हैं। आज भारत के युवा, अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उसी दिशा में कदम बढ़ाते हैं जहां उन्हें अपना करियर बनाना है। उसके लिए कठिन परिश्रम ▸▸| शेष पेज 13 पर

## पिछले अनुभव से सीख कर आगे बढ़े : राज्यपाल




### राज्यपाल ने किया पुरस्कृत

राज्यपाल रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स द्वारा आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, पेड़ लगाने और उन्हें संरक्षित रखने, साइबर अपराध, जाति भेदभाव जैसे अन्य विषयों पर विभिन्न माध्यमों से समाज को जागरूक करने के कार्य की सराहना की और राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में रोवर्स, रेंजर्स दलों का पंजीयन और गठन होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए राज्य अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल और राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव को बधाई दी। समारोह में बेमेतरा जिला के प्रतिनिधित्व करने स्काउट शुभम भारद्वाज सेजेस कठिया, गाइड कु आँचल वर्मा ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा, रेजर कु शिफा अंजुम माँ भद्रकाली ओपन रेजर टीम बेमेतरा को राज्यपाल ने पुरस्कृत किया।

**सौगात :** उप मुख्यमंत्री ने जेवरी समाधान शिविर जेवरी में की शिरकत

# सुशासन में लोगों को अपनी समस्याओं के निराकरण का भरोसा : उप मुख्यमंत्री साव





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री अरुण साव बेमेतरा के ग्राम जेवरी में सुशासन तिहार- के तहत आयोजित समाधान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की । यह समाधान शिविर क्लस्टर जेवरी सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित हुआ । उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी, के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया ।

उप मुख्यमंत्री साव ने समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार लोगों की समस्या का निराकरण उनके घर उनके द्वार तक पहुंचकर कर रही है। हमारी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है। पूरे राज्य में 40 लाख आवेदन आए हैं जो इस बात को दर्शाता है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में लोगों को अपनी समस्याओं के निराकरण का भरोसा है। सरकार गांव, गरीब किसान के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार में विकास के लिए लगातार काम कर रही है । बेहतरी और तरक्की के लिए विष्णुदेव साय सरकार में काम जारी है । समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित हैं, लोगों को अलग-अलग भटकने की जरूरत नहीं है। श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सभी गारंटियों को विष्णुदेव सरकार पूरा कर रही है। पीएम आवास योजना के तहत 18 महीने में 18 लाख आवास स्वीकृत हुए । अभी सर्वेक्षण जारी है । हर ग़रीब को पक्का आवास मिलेगा यह श्री मोदी की गारंटी को हमारी सरकार पूरा कर रही है । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, बोनस वितरण तथा महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं-बहनों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने ▸▸| शेष पेज 13 पर

■ गौरव पथ, सीसी सड़क और मुक्तिधाम निर्माण के लिए 70 लाख की घोषणाएं

### आवेदनों का हुआ गुणवत्तापूर्ण निराकरणः कलेक्टर

शुरुआत में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि बीते 8 से 11 अप्रैल 2025 के बीच जिलेभर में समाधान पेटियों एवं ऑनलाइन माध्यम से कुल 1.40 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1.37 लाख आवेदन समस्याओं और मांगों से संबंधित थे। लगभग 3,000 आवेदन शिकायतों से जुड़े थे। उन्होंने बताया कि अब तक 97 फीसदी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा चुका है, शेष प्रक्रियाधीन हैं।

**विधायक ने गिनाई सरकार की उपलब्धियांः** शिविर को विधायक श्री दीपेश साहू ने संबोधित करते हुए सरकार की उपलब्धी गिनाई । शिविर आयोजन पर जिला प्रशासन को बधाई दी। क्लस्टर जेवरी के 12 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजन समाधान प्रक्रिया की जानकारी लेने के लिए शिविर में उपस्थित हुए। सभी विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर आवेदन निराकरण और योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। इस क्लस्टर में 2912 विभिन्न समस्याओं, मांग व शिकायत संबंधी आए। जिनका गुणवत्तापूर्ण निराकार किया गया ।

# फेसबुक से शुरू हुई मोहब्बत का हुआ खूनी अंजाम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/नवागढ़

फेसबुक पर पांच साल पहले शुरू हुई एक प्रेम कहानी मंगलवार को खून से सनी खबर बन गई। नवागढ़ थाना क्षेत्र के हाथाडाडू गांव में एक युवक ने युवती पर हसिए से जानलेवा हमला कर दिया और फिर खुद भी कीटनाशक पीकर आत्महत्या की कोशिश की। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई।

■ आशिक ने प्रेमिका के गर्दन पर हसिए से किया वार, फिर खुद भी पी गया ज़हर

घटना मंगलवार सुबह करीब 6 बजे की है। घायल युवती (20 वर्ष) को पहले नवागढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। आरोपी विश्वराज जांगड़े (21), निवासी धोबनीकला को पुलिस ने हिरासत में लेकर इलाज शुरू कराया है।

सूत्रों के मुताबिक पीड़िता और आरोपी की मुलाकात फेसबुक पर हुई थी। बातचीत बढ़ते-बढ़ते मोबाइल नंबर तक पहुंच गई। दोनों की मुलाकातें भी होती थीं। लेकिन पिछले एक महीने से युवती ने युवक से दूरी बनानी शुरू कर दी थी। फोन उठाना बंद कर दिया था। युवक को शक था कि युवती किसी और से बात कर रही है। इसी बात को लेकर कुछ दिन पहले दोनों में विवाद भी हुआ था।

### सोमवार रात पहुंचा युवती के घर, बाहर ही बिताई रात

युवती से बातचीत पूरी तरह बंद होने के बाद विश्वराज सोमवार रात करीब 9 बजे हाथाडाडू स्थित उसके घर पहुंच गया। उसने बात करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। रातभर वह वहीं बाहर सो गया।

**सुबह फिर हुई कहासुनी, हसिए से गर्दन पर किया वारः** मंगलवार सुबह जब युवती बाहर निकली तो दोनों के बीच फिर से कहासुनी शुरू हो गई। गुस्से में आकर युवक ने ▸▸| शेष पेज 13 पर

# कोतवाली पुलिस ने पकड़ी 110 पौवा अंग्रेजी शराब, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

कोतवाली पुलिस ने 110 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त की है। आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। सोमवार को सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति कोबिया की ओर से बोरी में शराब भरकर एक्टिवा वाहन पर ग्राम खिलोरा की तरफ जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस व सायबर सेल की टीम ने नर्सरी के पास, खिलोरा रोड पर घेराबंदी कर दबिश दी।

■ खिलोरा रोड स्थित नर्सरी के पास घेराबंदी कर दी दबिश



इस दौरान वार्ड क्रमांक 12 सिंघौरी, बेमेतरा निवासी राजेश साहू (40 वर्ष) को अवैध शराब परिवहन करते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 110 पौवा गोल्डन गोवा अंग्रेजी शराब (19,800 एमएल) जिसकी अनुमानित कीमत 13,200 रुपये है, के साथ परिवहन में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन (कीमत लगभग 10,000 रुपये) भी जब्त किया गया। कुल जब्ती की कीमत 23,200 रुपये बताई गई है।

आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दुलेश्वर चंद्रवंशी, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक रघुराज यदु, आरक्षक असलम खान, शिव सेन, पीलाराम साहू, विनोद सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही।

**भारी बारिश से नवागढ़ अस्त-व्यस्त**

# तेज आंधी और बारिश से नवागढ़ में मचा हड़कंप, बिजली गुल, किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

मंगलवार दोपहर बाद नवागढ़ नगर में मौसम ने अचानक करवट ली। करीब 3 बजे के बाद तेज हवा और धूलभरी आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते नगर की सड़कों पर पानी भर गया और बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। तेज हवाओं के कारण कई दुकानों के टेंट और छप्पर उड़ गए। ठेले-खोमचे वालों को नुकसान झेलना पड़ा।

आंधी और बारिश के कारण बिजली आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ा। पूरे नगर में बिजली व्यवस्था बाधित रही। कई मोहल्लों में ट्रांसफार्मर ट्रिप होने और लाइन में फॉल्ट की वजह से देर शाम तक बिजली नहीं आई। इससे घरों में पंखे और कूलर बंद रहे, जिससे लोग उमस से बेहाल नजर आए। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई।

**राहगीर परेशान, यातायात भी प्रभावितः**



बारिश के दौरान बाजार और मुख्य मार्गों पर लोग भीगते नजर आए। जिनके पास छाता या रेनकोट नहीं था, वे दुकानों या पेड़ों के नीचे खड़े होकर बारिश थमने का इंतजार करते रहे। तेज हवाओं से कई स्थानों पर पेड़ गिरने और सड़कों पर पानी भरने के कारण यातायात भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ।

### किसानों के लिए राहत की बारिश

इस अचानक हुई बारिश से सबसे ज्यादा खुशी किसानों को हुई है। भीषण गर्मी और लंबे समय से बारिश के इंतजार के बाद आई इस झमाझम बारिश ने खेतों की मिट्टी में नमी ला दी है। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले कुछ दिनों में इसी तरह की बारिश जारी रही, तो बोवनी की शुरुआत जल्द हो सकती है।

**युवाओं ने चलाया वृक्षारोपण अभियानः** बारिश के बाद जैसे ही मौसम साफ हुआ, नवागढ़ के युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए वृक्षारोपण अभियान चलाया। नगर के विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गए। युवाओं ने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग करें। यह पहल शहर में सकारात्मक संदेश के रूप में देखी जा रही है।

**108 कुंडलीय यज्ञ के साथ 1100 गर्भवती बहनों का सामूहिक भोंत्सव संस्कार भी हुआ**

# ग्राम सिलघट में हुआ 108 युगलों का सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के मार्ग दर्शन में 108 कुंडलीय यज्ञ 1100 गर्भवती बहनों का सामूहिक गर्भोत्सव संस्कार, 108 जोड़ी सामूहिक आर्दश विवाह संस्कार कार्यक्रम आयोजन किया गया। पूर्व मे शासन की सहयोग से ग्राम सिलघट मे वृहद गर्भसंस्कार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसे गोल्ड़न बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया था।

ग्राम सिलघट भिभौरी में आगामी 10 दिसंबर से 13 दिसम्बर 2025 तक चार दिवसीय अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आओ गढे. संस्कार पीढी.के उद्देश्य से भव्य कलश यात्रा, 108 कूँडीय विश्व कल्याण गायत्री महायज्ञ 1100 गर्भवती बहनों का सामूहिक गर्भ



संस्कार 108 जोडी आदर्श विवाह संस्कार का आयोजन के लिए दुर्गा प्रसाद टिकरिहा के ग्राम सिलघट भिंभौरी स्थित निज निवास प्रांगण में प्रथम बैठक हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़, उड़ीसा, प्रांत प्रभारी दीदी आदर्श वर्मा उपज़ोन प्रभारी एसपी सिंह जिला समन्वयक डॉ. खोमराम साहू, धीरज टांक, लोकनाथ साहू पूर्व ब्लॉक समन्वयक सुखदेव वर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता शत्रुहन वर्मा ने आयोजन को कैसे सफल बनाना है। इस बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए जिले वार शक्तिपीठ से अन्नघट, मंत्र लेखन इत्यादि घरों घर जाकर वितरण करना, अंतिम व्यक्ति तक कार्यक्रम की जानकारी देना। उक्त सभी वक्ताओं ने कार्यक्रम में सूक्ष्म रूप से गुरुदेव की कृपा एवं आशीर्वाद से यह कार्यक्रम का आयोजन होना बताया। बैठक में क्षेत्र के प्रभारी, शक्तिपीठ के संयोजकों के साथ छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धमधा राज के राजप्रधान सत्यभामा परगनिहा, डॉ. योगिता टिकरिहा, पंकज साहू, नर्मदा देवी टिकरिहा, प्रियांशु परगनिहा धरसींवा राज के राजमंत्री धर्मेंद्र वर्मा ग्राम सड्डू से आरएल शांडिल्य, सोमनाथ साहू, पंचराम साहू, लिकेश वर्मा, सम्माननीय सालिक राम वर्मा भिभौरी, बलौदा बाजार से लेखक अंशु धुरंधर, टापलाल वर्मा, देवांश वर्मा ललित टिकरिहा, कवि नारायण वर्मा, बिष्णु वर्मा चंडी, विश्राम वर्मा, ज्ञान देव वर्मा, राजेश वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि मोहन पानिक, रविकांत टिकरिहा, शशांक टिकरिहा, भूपेश टिकरिहा, अनेश्वर यादव, रोशन वर्मा, लखन साहू, शंकर साहू, बलकरन साहू, सुखदेव साहू, ध्रुव निषाद एवं आसपास के भावधरा से जूड़े हुए गणमान्य नागरिक जनों की उपस्थिति रही।

# कबीर संत के साथ ही महान विचारक और समाज सुधारक थे : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले के ग्राम रांका में आयोजित दो दिवसीय संत कबीर प्राकट्य उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू शामिल हुए।

■ रांका मे धूमधाम से मनाई गई कबीर जयंती

उन्होंने कहा कि, संत कबीर की वाणी हमें जीवन जीने की कला सिखाती हैं। कबीर दास ने मध्यकालीन भारत के सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक जीवन में अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने अपने दोहों, विचारों और जीवनवृत्त से तत्कालीन सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में क्रांति का सूत्रपात किया। वे संत होने के साथ ही महान विचारक व समाज सुधारक भी थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश ने कहा कि, कबीरदास ने सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात करते हुए ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय का संदेश दिया। यह बात उनके दोहों से साफ झलकती है कि उन्होंने अपने दोहों के जरिए जीवन में कई सीख दी है। श्री साहू ने कहा कि सदगुरु कबीर जी के दिव्य वाणी का प्रकाश आज भी हमें समस्याओं के अंधेरे से निकालकर समाधान के प्रकाश में ले जाता है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद सदस्य गौकरण साहू ने कहा कि, संत कबीर जी ने ▸▸| शेष पेज 13 पर



## खबर संक्षेप



### यूआरएम के कर्मियों को मिला शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल विभाग में शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विभाग के विशाल श्रीवास्तव, आकाश कुमार गुप्ता, नवीन कुमार, रतन कुमार साहू व अशोक शर्मा को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक प्रभारी विशाल गुप्ता ने चयनित कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जीएम शिशिर शुक्ला, रजत मुखर्जी, एलियास अहमद, भास्कर रॉय, डीएन बेहरा, रणबीर पॉल व सहायक प्रबंधक शिरीन शेक उपस्थित थीं। पुरस्कृत कार्मिकों ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के पुरस्कार से उनका मनोबल बढ़ा है एवं उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है।

### नवतपा के दूसरे दिन भी हुई बारिश, बढ़ी उमस

**भिलाई।** शहर में आज लोगों को बेमौसम बरसात के सिलसिले के दौरान मानसूनी बारिश का नजारा देखने को मिला। सुबह एक डेढ़ खंड हुई बारिश देखकर लोगों को यूं लगा जैसे बिल्कुल बरसात के मौसम में वर्षा होती है। नवतपा के दूसरे दिन आज खंड वर्षा से दिनभर और फिर रात में में भी चिपचिपी उमसस से लोग परेशान रहे।

### प्रदेश में लागू हो एमएसपी कानून कृषि कार्य को मिले उद्योग का दर्जा

**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन किसान प्रकल्प के प्रभारी डॉ. मुरली मनोहर श्रीवास्तव दुर्ग पहुंचे। उन्होंने किसान, मजदूर और व्यापार जगत के प्रतिनिधियों के साथ सर्किट हाउस दुर्ग में बैठक की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वाभिमान आन्दोलन संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। परिचय और स्वागत की औपचारिकता के बाद डॉ. श्रीवास्त ने केएन गोविंदाचार्य के प्रकृति केंद्रित विकास को किसानों के बीच संवाद के माध्यम से रखा।

# बिना भवन अनुज्ञा के मकान-दुकान बनाने वालों पर होगी कार्रवाई, निगम कराएगा सर्वे

**आयुक्त राजीव प्रकाश ने बारिश के मौसम को देखते हुए निचली बस्तियों का किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर में बिना भवन अनुज्ञा के दुकान-मकान बनाने वालों की अब खैर नहीं है, ऐसे सारे लोगों पर निगम कार्रवाई करेगा। इसके लिए बकायदा सर्वे कराया जाएगा। ऐसे लोगों की सूची तैयार की जाएगी, इसके साथ नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को बरसात के समय जल भराव की स्थिति निर्मित न हो, इसे लेकर आयुक्त राजीव पाण्डेय ने निचली बस्तियों का निरीक्षण किया। इस दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली मौजूद थे।



### भूमाफिया और दलाल सक्रिय, जिनकी वजह से हो रही अवैध प्लाटिंग, लोग बना रहे मकान

अधिकारियों ने बताया कि प्लॉट बेचते समय भूमाफिया और दलाल सक्रिय रहते हैं, जो गलत जानकारी देकर जमीन बेच देते हैं। जमीन खरीदने वाले मकान भी बना देते हैं, लेकिन उसे क्षेत्र में नाली, सड़क और अन्य सुविधा नहीं होती है, जिससे बाद में परेशानी होती है। इसे देखते हुए निगम ने मकान निर्माताओं से अपील की है कि अपना मकान खरीदने से पहले निगम के भवन अनुज्ञा शाखा, टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग दुर्ग, शासकीय पटवारी कार्यालय आदि से भूखण्ड के वास्तविकता का पता लगा लें। रोड, नाली, एप्रोच रोड की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। दलाल, भू-माफिया के बहकावे में न आएं। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, चंदन निर्मलकर, बसंत साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना आदि उपस्थित थे।

आयुक्त ने मॉडल टाउन उड़िया बस्ती, पंडित दिनदयाल उपाध्याय आवासीय कालोनी, पुष्पक नगर, आनंद नगर, कोसा नगर, रैश्ने आवास, कैलाश नगर, आर्य नगर कोहका, साकेत नगर, कृष्णा ग्रैण्ड सिटी, आनंद पुरम का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि मूल रूप से इन स्थानों पर यह समस्या आ रही है कि ज्यादातर प्राइवेट कॉलोनिया डेवलप हो गई हैं, जहां पर जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक सेवक, पुलिस विभाग, डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता एवं व्यापारीगणों के बड़े-बड़े मकान बन गए हैं, लेकिन वहां पर सीवरेज एवं बरसात के पानी का पर्याप्त निकासी की व्यवस्था नहीं है।

**आवारा मवेशियों और एनओसी नहीं मिलने से बढ़ रही परेशानी**

# टाउनशिप की समस्या को लेकर जन प्रतिनिधियों ने प्रबंधन पर बढ़ाया दबाव

**पार्षदों के बाद बीएसपी सीजीएम से मिले विधायक देवेंद्र यादव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में आए दिन बिजली गुल होने और अन्य बुनियादी समस्याओं के निदान के लिए जन प्रतिनिधियों ने बीएसपी प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव ने आज बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता सहित अन्य अधिकारियों के साथ अहम बैठक कर रहवासियों की मूलभूत सुविधाओं की कमी पर असंतोष जताते हुए जल्द समाधान के लिए निर्देशित किया।

तीन दिन पूर्व नगर निगम भिलाई के स्वच्छता प्रभारी व पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने भी सेक्टर 7 में बार बार बिजली गुल होने से परेशानी से अवगत कराते हुए पुराने ट्रांसफार्मर व तारों को बदलन की मांग की थी। सोमवार को विधायक श्री यादव ने बिजली की समस्या सहित ज्वलंत नागरिक सुविधाओं की बदहाली को दूर करने पर नगर सेवाएं विभाग के अधिकारियों से चर्चा की।विधायक ने बार-बार बिजली गुल होने की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि गर्मी के इस मौसम में जब बिजली की सबसे अधिक जरूरत होती है, ऐसे में लगातार कटौती से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ट्रांसफॉर्मर की स्थिति, ओवरलोडिंग और लाइन फॉल्ट की नियमित निगरानी करें और जल्द समाधान करें। उन्होंने मानसून सीजन को देखते हुए हुए नालों की सफाई कार्य में तेजी लाने की बात कही। कहा कि हर वर्ष बारिश से पहले नालों की समय पर सफाई न होने के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे स्थानीय लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं।

**खास बातें**

- अधिकारियों के साथ हुई अहम बैठक में बिजली गुल होने और एनओसी नहीं मिलने पर जताया असंतोष
- कहा-जल्द हो आवासों का मेंटेनंस और टारफील्टिंग कार्य
- डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए सफाई पर दिया जोर



### एनओसी नहीं देने से अधूरे पड़े हैं काम

विकास कार्यों के अधूरे पड़े होने को लेकर भी विधायक श्री यादव ने असंतोष जाहिर किया । उन्होंने कहा कि कई जरूरी विकास योजनाएं सिर्फ एनओसी (अनापति प्रमाण पत्र) न मिलने के कारण अधर में लटकी हैं। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे जल्द सभी रुके हुए प्रोजेक्ट्स के लिए एनओसी जारी करें, ताकि क्षेत्र में विकास की गति बनी रहे। विधायक ने अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिया है कि जनता ने हमें उनके हितों की रक्षा के लिए चुना है। हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें और उन्हें बेहतर जीवन देने के लिए काम करें।

### आवासों में जल्द हो टारफील्डिंग और मेंटेनेंस

हर साल बारिश के मौसम में टाउनशिप के पुराने आवासों में सीपेज और सीलन की समस्या से रहवासी कर्मचारी और परिवार परेशान रहता है। विधायक ने अधिकारियों से बारिश पूर्व समस्याग्रस्त क्वार्टरों में जल्द टारफील्टिंग कार्य करने अधिकारियों से कहा। कर्मियों को आवासों के लंबित मेंटेनेंस कार्य को भी जल्द करने निर्दिशित किया। उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं और कुत्तों से लोगों की बढ़ती परेशानी को देखते हुए जल्द निदान करें। उन्होंने मौसमी बीमारियों की तैयारी और डेंगू मलेरिया से बचाव पर जोर दिया। लीज नवीनीकरण कार्य में भी तेजी लाने निर्देशित किया। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं पर जल्द पहलकदमी की जाएगी।

# उच्च न्यायालय पहुंचा एनजेसीएस का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दिसम्बर 24 में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा एनजेसीएस में सुधार के लिए दिए गए तीन माह का समय बीत जाने के बाद भी इस्पात मंत्रालय द्वारा कोई कदम नही उठाए जाने के बाद बीएकेएस ने पुनः दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। इस पर कोर्ट ने 14 मई को सुनवाई किया तथा संबंधित पक्षों को नोटिस देकर जवाब माँगा है। मुकदमे की अगली सुनवाई 29 मई को निर्धारित की गई है।

एनजेसीएस में 25 यूनियन प्रतिनिधि में से 15 प्रतिनिधि नामांकित हैं । पाँच ट्रेड यूनियनों को तीन,तीन नॉमिनेटेड सीट का कोटा दिया गया है । यूनियन अपना अपना सदस्य नामांकित करती है । बीएकेएस यूनियन का कहना है किसेल की प्रत्येक इस्पात प्रोडक्शन यूनिट से रिकॉगनाईज्ड ट्रेड यूनियन का प्रावधान किया गया है। यानी सेल कर्मियों के वास्तविक प्रतिनिधि एनजेसीएस में मौजूद है तो नॉमिनेटेड प्रतिनिधियों की कोई भी जरुरत नही है । श्रम मंत्रालय तथा डीपीई द्वारा दिए गए गाईडलाईन के अनुसार विभिन्न कमेटियों के माध्यम से श्रमिको को प्रबंधन में भागिदारी दी जानी है । सेल स्तर पर सदस्यता सत्यापन नही हुआ है कि किस ट्रेड यूनियन के पास कितने सदस्य हैं भिलाई , सेलम तथा राउरकेला चुनाव में एटक तथा एचएमएस को 100 से कम वोट मिलता है फिर भी इन यूनियनों को तीन नॉमिनेटड सीट दिया गया है ।

- बीएकेएस यूनियन ने की कमेटी में सुधार की गुहार

### एनजेसीएस में नॉमिनेटेड सदस्य

इंकट के जी संजीवा रेड्डी, सत्यजीत रेड्डी/ डीएस पाणिक्कर, वंश बहादुर सिंह, एटक से विद्यासागर गिरी/रमेंद्र कुमार, रामाश्रय सिंह, डी आदिनारायण, एचएमएस के संजय एस बढ़वाकर, राजेंद्र सिंह, सुकांता रक्षित/शसाधर नायक, सीटू से तपन सेन, ललित मोहन मिश्रा, विष्णु मोहंती, बीएमएस डीके पाण्डेय, रंजय कुमार और एम जगदिश्वर राव।

# मैत्रीबाग जू में नन्हें पर्यटकों को शेर और भालुओं का बेसब्री से इंतजार



**भिलाई।** मैत्रीबाग जू में नन्हे पर्यटकों को चिड़ियाघर के प्रमुख जानवर शेर और भालुओं का बेसब्री से इंतजार है। यहां पिछले करीब एक साल से भालू का पिंजरा खाली है और एकमात्र शेर भी उम्रदराज हो चला है। इससे इनका नजारा लेन आए बच्चों को निराश होना पड़ रहा है। मैत्रीबाग में पिछले कई साल से नए वन्य प्राणियों को दूसरे जू से नहीं लाया गया है। इसके चलते आकर्षक वृद्ध जानवरों की मौत के बाद पर्यटकों को निराश होना पड़ रहा है। यहां भालू का कैज खाली पड़ा है। मैत्रीबाग में पांच साल पूर्व तक तीन भालू हुआ करते थे। लेकिन एक एक कर तीनों बूढ़े हो चुके भालुओं की मौत हो गई। इसके बाद अब तक दीगर जू से भालू नहीं लाए गए हैं। पिछले एक साल से एनक्लोजर खाली पड़ा है। इसी तरह यहां एक ही शेर (लायन)बचा है, जो वयोवृद्ध हो चला है। कुछ साल पूर्व तक चार लायन हुआ करते थे। मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा अब तक जानवरों की एक्सचेंज योजना के तहत न भालू ही यहां लाए गए और न ही लायन ही लाए गए हैं। एक मात्र उम्रदराज सिंह के मर जाने के बाद मैत्रीबाग जंगल का राजा विहीन हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि शेर, भालू बंदर ही बच्चों के प्रमुख आकर्षण का केंद्र हुआ करते हैं। इनके बिना जू की शान अधूरी रहती है। पर्यटकों ने बताया कि मैत्रीबाग में जल्द शेर भालू सहित अन्य आकर्षक वन्य प्राणियों को लाए जाने की जरुरत है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के यशवंत का उपन्यास 'दाई' विमोचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारी और साहित्यकार यशवंत साहू के छत्तीसगढ़ी उपन्यास 'दाई' का विमोचन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल थे। यशवंत साहू में संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के टीएसडी में सहायक महाप्रबंधक हैं। अभनपुर में हुए कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष छग कलार समाज के अध्यक्ष युवराज सिन्हा, योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, विधायक संगीता सिन्हा, योगेश्वर सिन्हा, विधायक इन्द्र कुमार साहू, तथा महापौर शशि सिन्हा छग कलार समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

श्री जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की महान विभूतियों पर आधारित ऐसे साहित्य से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। उपन्यास 'दाई' छत्तीसगढ़ के कलार समाज की कुलदेवी मां बहादुर कलारिन की जीवनगाथा पर आधारित है, जिनका जीवन त्याग, संघर्ष और न्यायप्रियता का अद्वितीय उदाहरण है।श्री साहू इसके पूर्व दसमत'मैं बस्तर स्वर्णिम अतीत', 'वह धरा जहां पर सुर गूंजा' 'संगम', 'राजिम' तथा 'पलायन आदि कृति लिख चुके हैं।

- स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सराहा

# सांसद प्रतिनिधि ने 1154 रुपए कम जमा कराया टैक्स, अंतर की राशि जमा कराने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम रिसाली अपनी आय बढ़ाने के लिए अब फिर से टैक्स का निर्धारण करेगा। अब तक जिन लोगों से निगम संपत्तिकर वसूल कर रही है। उनके घर और दुकानों, व्यवसायिक संस्थानों का फिर से कर निर्धारिण किया जाएगा। स्व विवरणी की जांच की जाएगी। इसके लिए घर और दुकान जाकर नगर निगम के कर्मचारी-अधिकारी फिर से सर्वे करेंगे। पूरा नाप-जोक करेंगे। 40 वार्डो में बने मकान और दुकानों का फिर से कर निर्धारण किया जाएगा। इससे यह होगा कि जो लोग ज्यादा क्षेत्र में मकान व दुकान बना लिए है और स्व विवरणी में कम क्षेत्रफल दर्शाकर टैक्स बचा रहे हैं। वे अब पकड़े जाएंगे और उनसे निगम प्रशासन पूरा टैक्स वसूल करेगा। इसकी शुरुआत सोमवार को मैत्रीनगर से की गई।

- रिसाली के सभी मकान और दुकानों का फिर से होगा टैक्स निर्धारण



निगम की टीम सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर के यहां भी जांच करने पहुंची। उनकी पार्षद पत्नी सुन्दा चंद्राकर ने भी जांच में सहयोग किया। पहले पुराने कर निर्धारण की प्रति उपलब्ध कराते, अधिकारियों को निष्पक्ष जांच का अनुरोध किया। गणना में निर्माण कार्य 66 वर्गफीट अधिक पाया गया। जबकि पहले 1582 वर्ग फीट का टैक्स निर्धारण हुआ था। मतलब 66 वर्ग फीट का टैक्स निगम को नहीं दे रहे थे। लेकिन जांच टीम को अंतर की राशि 1154 रुपए कम थी, जो जमा की गई। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि संपत्ति कर विभाग को निर्देश दिया है कि वे निगम के 40 वार्डों में टैक्स फिर से निर्धारण करें। तीन माह में इस काम को पूरा करें। जानकारी छिपाने वालों पर कार्रवाई की भी जानकारी दी गई।

# सामान्य सभा को जानकारी दिए बिना शौचालय की जगह बदलने को लेकर जमकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई की विशेष सामान्य सभा बैठक में सोमवार को जमकर हंगामा मचा। पक्ष और विपक्ष शौचालय निaर्माण को लेकर बरती गई लापरवाही को लेकर आपस में भिड़ गए।

सत्ता पक्ष ने इस बात को लेकर नाराजगी व्यक्त कि बिना सामान्य सभा को जानकारी दिए बोरिया गेट के पास सेक्टर-4 में बनाए जा रहे शौचालय की जगह क्यों बदली गई। जबकि सामान्य सभा से प्रस्ताव पारित होने के बाद इस शौचालय का निर्माण किया जा रहा था। इसे लेकर जमकर हंगामा हुआ। पक्ष-विपक्ष ने कहासुनी हुई। अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप भी लगाया गया। इसके बाद आयुक्त राजीव पांडेय ने सदन को जानकारी दी कि जिस जगह पर शौचालय की स्वीकृति दी गई थी, वहां विवाद की स्थिति बन रही थी। असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान किया जा रहा था। इसे लेकर थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई, काम भी रुकवाया गया, लेकिन समस्या तस के तस बनी हुई थी। इस वजह से उच्च अधिकारियों को जानकारी देकर स्थल परिवर्तन कर शौचालय को अर्जुन नगर वार्ड-13 में शिफ्ट कर दिया गया। इसके बाद भी हंगामा होते रहा। सामान्य सभा में महापौर नीरज पाल, एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, पीयूष मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

**बीएमएस ने बिजली खंभों में बिछे केबल हटाने की मांग की**

# टाउनशिप के तालाबों में हो रहा अवैध मछली पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात मज़दूर संघ की बैठक हुई । पदाधिकारियों ने टाउनशिप की समस्याओं का निदान नही होने पर नाराजगी जताई। कहा कि अधिकारियों के अपनी ज़िम्मेदारी से पल्ला झाड़ने से टाउनशिपवासियों की परेशानियां बढ़ रही हैं। सभी समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की गई। यूनियन के महामंत्री चन्ना केशवलू की अध्यक्षता में हुई बैठक में आवासीय, बिजली कटौती और तालाबों में अवैध मछलीपालन आदि समस्याओं के के निराकरण की मांग की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि टाउनशिप के तालाबों में अवैध तरीके से मछली पालन किया जा रहा। अफसर ठेकेदारों के साथ



मिलकर कई वर्षों से बिना टेंडर मछली पालन कर अवैध कमाई कर रहे हैं। बताया कि बीएसपी के क्षेत्र के बिजली के पोलों में अवैध तरीके से कई प्राइवेट कंपनी संचालक केबल बिछा दिए पर सेल व बीएसपी को कोई टैक्स नहीं दे रहे है। इससे भी सेल को करोड़ों के राजस्व हानि हो रही है। पोल में केबल के तार लगने से बिजली शार्ट सर्किट की समस्या उत्पन्न हो रही है ।

टाउनशिप में पिछले कई दिनों से लगातार बिजली कटौती 5 से 15 घंटे तक रहने पर भी प्रबंधन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।ऐसा लग रहा है कि कर्मचारी संयंत्र में 8 घंटे काम करने के बाद जब घर वापस लौटे तब बिजली गुल होने से कर्मचारी हताश व नाराज हैं।

### जर्जर आवासों से दुर्घटना का खतरा

बैठक में पदाधिकारियों ने प्रबंधन से मांग की कि लगातार शिकायत करने के बाद भी कई मकान जो जर्जर हालत में हैं. उनमें निवासरत कर्मियों को दूसरे मकानों में शिफ़्ट किया जाए। लाइसेंस में आबंटित किए गए मकान भी अनफिट हो चुके हैं, रहवासियों को दूसरे मकानों मे शिफ़्ट किया जाएँ । जर्जर आवासों से गंभीर दुर्घटना होने पर ज़िम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क़ानूनी कार्यवाही होनी चाहिए । बीएमएस ने कहा कि टाउनशिप की समस्याओं का जल निदान नहीं होने पर कर्मचारियों के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

गड़बड़ी : मंडी सचिव ने कहा- शिकायत के बाद लिया गया फैसला

# विवाद के बाद आखिर मंडी में पांच करोड़ का टेंडर किया गया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कृषि उपज मंडी में करीब पांच करोड रूपए का कार्य निरस्त हो गया है। पिछले दिनों ठेकेदारों द्वारा बगैर पारदर्शिता के टेंडर जारी किए जाने की शिकायत कलेक्टर से की थी। जिसके बाद मंडी प्रशासन ने टेंडर निरस्त कर दिया है। ऐसी संभावना है कि, सडक व नाली सहित अन्य कार्य के लिए जारी टेंडर अब नए सिरे से पूरी पारदर्शिता के साथ जारी की जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि, कृषि उपज मंडी में करीब पांच करोड के टेंडर में गफलत होने की शिकायत नाराज ठेकेदारों ने कलेक्टर से की है। उन्होने लिखित शिकायत में कलेक्टर को बताया है कि, बगैर सार्वजनिक प्रकाशन और वीडियोग्राफी के पांच करोड के टेंडर को गुपचुप तरीके से बांट दिया गया है। ठेकेदारों से छुपाकर बांटे गए टेंडर में प्रतिस्पर्धा नही होने से नाराज कांट्रेक्टरों ने कार्यवाही की मांग की है। कृषि उपज मंडी द्वारा दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न कार्यों हेतु निविदा सूचना जारी किया गया था। जिसका सूचना पत्र लोक निर्माण विभाग द्वारा 13 फरवरी 2025 को जारी किया गया था। उक्त निविदा के अंतर्गत लगभग 5 करोड़ का कार्य हेतु निविदा आमंत्रित किया था, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने मिलीभगत की गई।

**खास बातें**

- टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता नही होने के कारण अटका निर्माण कार्य
- अब बारिश के चलते नही मिल पाएगी आम लोगों को कार्यो की सौगात

**बगैर टेंडर चहेतों को बांटने की कलेक्टर से हुई थी शिकायत**



### विवाद की भेंट चढ़ा करोड़ रूपए का कार्य

मंडी प्रशासन द्वारा जारी किया गया टेंडर तीन माह की अवधि के लिए था। लेकिन जनप्रतिनिधि और ठेकेदारों के बीच विवाद के कारण अब यह कार्य बारिश आने से थम जाएगा। इस टेंडर में शहर के महत्वपूर्ण कार्य शामिल थे। जिसमें पुलगाँव बजरंग चौक से बजरंग मंदिर होते हुए शीतला मंदिर तक सीसी रोड व नाली निर्माण, पुलगाँव तिरंगा भवन से राहुल पंडित घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण, पोटियाकला में भुनेश्वर निषाद के घर से रामकुमार निषाद के घर तक सी.सी. रोड निर्माण, पोटियाकला में आरती राम के घर से गोपाल पटेल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण, पोटियाकला प्रेम साहू के घर से जितेन्द्र साहू के घर तक तक सी.सी. रोड निर्माण, बघेरा में मोहलाई मुख्य मार्ग से ताम्रकर के घर तक सी.सी. रोड व डब्ल्यू बी.एम. रोड का निर्माण, बघेरा में मोहलाई मुख्य मार्ग से कालिन्द्री साहू के घर तक सी.सी. रोड व डब्ल्यू बी.एम. रोड का निर्माण, बघेरा में गोपाल भवन के आगे से रमन सिंह गौतम के घर तक सी.सी रोड एवं पक्की नाली का निर्माण, कातुलबोड मुस्कान पैलेस से बस डिपो तक सी.सी. रोड निर्माण, कातुलबोड़ में जय कन्नौजिया के घर से हेरिटेज स्कूल तक सी.सी. रोड निर्माण, कातुलबोड के हरिनगर में बनवारी यादव के घर से राघवन्द्र भदौरिया के घर तक सी.सी. रोड निर्माण, उरला बेलौदी मुख्य मार्ग से राजाराम यादव के मकान तक बजरंग पारा मे सी.सी. रोड निर्माण, उरला में नहर रोढ से पीलिया साहू के मकान से पूजा साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण सहित करीब 26 कार्य शामिल थे।

**निरस्त किया गया**

मंडी से पूर्व में निकाले गए टेंडर को निरस्त कर दिया गया है। अभी फिलहाल कार्य को लेकर कोई फैसला नही किया गया है। विवाद के चलते कार्य निरस्त हैं।
**-पवन मेश्राम,** सचिव कृषि उपज मंडी दुर्ग

### सूचना चस्पा भी नहीं कराई गई थी

ठेकेदारों ने शिकायत में कहा था कि, रिंग बनाकर चेहते लोगों को काम दिया गया। जबकि प्रदेश के ठेकेदार इसमें शामिल तक नही हुए। टेंडर प्रक्रिया को कृषि उपज मंडी बोर्ड के सूचना पटल में चस्पा किया गया और उक्त कार्यों को अधिकारी और नेता के चुनिंदा ठेकदारों में आपस में बंदरबाट कर लिया गया। जिसकी भनक जब ठेकदारों को लगी तो इसकी जानकारी ठेकदारों ने मंडी के अधिकारियों से मांगा तो उन्होंने जानकारी देने से सीधे मना कर दिया। अफसरों ने जनप्रतिनिधि से मिलने कह दिया। उक्त बात से नाराज ठेकेदारों ने सीधे जिला कलेक्टर को इस व्यापक भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत कर निविदा को निरस्त कर दोषियों पर कार्यवाही की माँग की है। इस दौरान एस ग्रुप के संचालक राहुल सिंह, रवि शर्मा, योगेश जांघेल, राहुल पतील , प्रभात तिवारी, निखिल शर्मा, शुभम सरकार, हेमंत गोयल, प्रशांत अग्रवाल एवं विकास गुप्ता साहित अन्य ठेकदार उपस्थिति थे।

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ग्राम धनोरा स्थित शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के मामले में अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग के निर्देश पर राजस्व विभाग ने कार्रवाई की। बेदखली का आदेश जारी किया गया था, लेकिन वेल्डिंग दुकान के अंदर सामान होने की आशंका के कारण फिलहाल उसे सील कर दिया गया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक घनश्याम चंद्राकर, पटवारी रविकांत परगनिया, माल जमादार (कोटवार) अनूप सिंह तथा पद्मनाभपुर थाना की पुलिस बल मौके पर उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार, नकुल राम साहू पिता इंद्रजीत साहू द्वारा ग्राम धनोरा की शासकीय सड़क (खसरा नंबर 787, रकबा 0.62 हेक्टेयर) की भूमि के 87 वर्गमीटर हिस्से पर अवैध रूप से वेल्डिंग दुकान का निर्माण किया गया है। निर्माण के कारण शिकायतकर्ता प्रवीर पाल के खेत में जाने का रास्ता अवरुद्ध हो गया है, जिससे उन्हें कई वर्षों से परेशानी हो रही है। अवैध कब्जे की शिकायत वर्ष 2021 से कलेक्टर एवं अन्य उच्च अधिकारियों को की जा चुकी है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग द्वारा अब तक अवैध कब्जे को हटाने 6 बार बेदखली नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

### कब्जा हटाने का आदेश दुकान सील

मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि अनावेदक को पूर्व सूचना देने के उपरांत हल्का पटवारी, राजस्व निरीक्षक, पुलिस बल एवं आवेदक की उपस्थिति में वादग्रस्त भूमि पर कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई। ग्राम धनोरा स्थित खसरा नंबर 787, रकबा 0.62 हेक्टेयर (शासकीय धरसा भूमि) के 87 वर्गमीटर हिस्से पर निर्मित वेल्डिंग दुकान में ताला लगा हुआ पाया गया। दुकान के अंदर सामग्री होने की संभावना को देखते हुए उसे सील कर दिया गया है।

## कचरा फेंकने पर नोटिस जारी के साथ जुर्माना की होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- महापौर की अगुवाई में एमआईसी की बैठक

आज नगर पालिक निगम दुर्ग के महापौर परिषद की बैठक डाटा सेंटर के सभागार में महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में बिन्दुवार 7 एजेण्डा विस्तृत चर्चा हेतु रखा गया।

जिसमें प्रमुख रूप से बारिश के पहले पुलगांव नाला में दो तरफ गैंग लगवाकर बेहतर सफाई करवाए, नगर निगम परिसर वाहन शाखा गैरेज में गाड़ियों के रखरखाव के लिए टीन सेट एवं सीमेंटीकरण निर्माण के निर्देश। विद्युत विभाग औधोगिक नगर, दक्षिण जवाहर नगर सोमनाथ मंदिर गार्डन व देशमुख के सामने गार्डन में 14 नग पुराने ट्यूबलर पोल व वार्ड 2 राजीव नगर में 2 पोल और वार्ड 3 मठपारा 3 पोल लगवाने को स्वीकृति मिली है। दुर्ग सीमाक्षेत्र के अंतर्गत बाढ़ आपदा नियंत्रण हेतु कुल 60 वार्डो में 89 दिवस हेतु (01 मई 2025 से प्रारंभ) प्रभावशील सहायक श्रमायुक्त की दर पर अस्थायी रूप से 45 अतिरिक्त कर्मचारी 45 दिन के लिए रखे जाने हेतु विभाग द्वारा प्रस्ताव को पारित किया गया। बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा संचालित निविदा आमंत्रण, शिफा स्व सहायता समूह पँचशील नगर नयापारा को 3 वर्ष के लिए दिये जाने हेतु पारित किया गया। महापौर ने कहा कि इदिरा मार्केट के सभी दुकानों को रात्रिकालीन दुकान बंद करते वक्त सड़क पर अपना कचरा फेंकने देते है, उनको नोटिस जारी के साथ जुर्माना की कार्रवाही करने की बात कही। राजेन्द्र प्रसाद पार्क शॉपिंग कॉम्प्लेक्स दुकान क्रमांक 8 एवं 14 का लीज नवीनीकरण 25% वृद्धि के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया। गुमटी योजना के अंतर्गत चिन्हित जगह पर गुमटी बनाये बनेंगे।



### बड़ा मंगल एवं शनि जयंती पर प्रसाद का किया वितरण

बेमेतरा। ग्राम पचभैया में नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा बड़ा मंगल एवं शनि जयंती के उपलक्ष्य में राहगीरों के लिए भंडारा आयोजित कर प्रसादी वितरण किया गया। ज्ञात हो कि गांव के अष्टसिद्धेश्वर हनुमानजी एवं शनि मंदिर अमचो-पचभैया मार्ग पर तालाब के किनारे स्थित है जो राहगीरों के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु है। आयोजन में मुख्य रूप से रामचरण, रजऊ, केशव, बेदू, शिव,नरेन्द्र,दसरू, भोला,जितेन, ईश्वरी, विनोद, सोम, नरेश, परस, भागवत, खेतहा, कमलेश, दोगेन्द्र,सिया, इंद्रेश, जनक, पीतांबर एंव देवसिह का सहयोग रहा।

**पेज 11 के शेष**

### जिले के स्काउट्स गाइड्स को ...

और लगन के साथ समय प्रबंधन बहुत जरूरी है। अगर एक बार, दो बार अपने लक्ष्य से चूक भी गए तो निराश मत हो, बल्कि उन असफलताओं और पिछले अनुभवों से सीख कर आगे बढ़ें। हार नहीं मानते हुए पुनः अपने आप को तैयार करें और लक्ष्य की ओर बढें, सफलता जरूर मिलेगी। अनुशासन, दृढ़ संकल्प और स्वयं पर विश्वास, सफलता की ओर ले जाता है।
**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में स्वागत भाषण भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं आभार प्रदर्शन राज्य सचिव कैलाश सोनी ने दिया। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव डॉ सी आर प्रसन्ना, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी राज्य के अन्य पदाधिकारी, विभिन्न जिलों से आये हुए स्काउटर, गाइडर, रोवर, रेंजर एवं स्काउट-गाइड उपस्थित थे। सम्मानित किये जाने पर जिला मुख्य आयुक्त प्रणीष रजक, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, एपीसी भूपेंद्र साहू, स्काउटर उद्धव साहू ने राज्य पुरस्कार प्राप्त सभी स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर को बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

### सुशासन में लोगों को अपनी ...

समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जमीनी पहुंच एवं लाभान्वित हितग्राहियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने दिव्यांग रामकृष्ण मार्कण्डेय को ट्राइसिकल सौपी । हितग्राहियों को राशन कार्ड, नोनी सुरक्षा पासबुक, आयुष्मान 'वय वंदना' कार्ड, महिला-बाल विकास योजनाओं के प्रमाण पत्र, किसानों को स्प्रे मशीन भी प्रदान किया। उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया,गर्वभती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण पोष्टिक किट का वितरण किया । **गौरव पथ, सीसी सड़क और मुक्तिधाम निर्माण के लिए 70 लाख की घोषणाएंः** समाधान शिविर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विभिन्न विकास कार्यों की घोषणाएं कीं। ग्राम पंचायत जेवरी और बैजलपुर में गौरव पथ के लिए 10-10 लाख रुपये, जेवरी में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख रुपये, तथा तीन ग्राम पंचायतों — फरी, खिलोरा और अमोरा में सीसी सड़क निर्माण हेतु कुल 8 लाख रुपये की घोषणा की गई। इसके अतिरिक्त फरी (तेलाईकुड़ा) में 6 लाख, डुंडा में 2 लाख, एवं निनवा, रजकुड़ी (भीमपुरी), कंतेली और फरी ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम निर्माण हेतु 12 लाख रुपये की घोषणा की गई। **ये रहे उपस्थितः** समाधान शिविर में क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड जितेंद्र साहू,पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, अध्यक्ष जनपद हेमा दिवाकर,राजेंद्र शर्मा, पंच-सरपंच, जनप्रतिनिधि,अधिकारी कर्मचारी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे । पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे ।

### फेसबुक से शुरू हुई मोहब्बत ...

घर में रखा हसिया उठाया और युवती की गर्दन के पीछे जोरदार वार कर दिया। वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ी। इसके बाद आरोपी ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया और कीटनाशक पी लिया।
**ग्रामीणों और पुलिस की तत्परता से बची दोनों की जानः** घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़कर आरोपी को बाहर निकाला। दोनों को तत्काल नवागढ़ अस्पताल लाया गया। यहां से युवती को बिलासपुर रेफर कर दिया गया। आरोपी का इलाज पुलिस निगरानी में चल रहा है।
**पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे, जांच जारीः** घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी मनोज तिर्की और नवागढ़ थाना प्रभारी अलील चंद अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बात की और मेडिकल स्टाफ को हरसंभव इलाज के निर्देश दिए। थाना प्रभारी अलील चंद ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी मानसिक तनाव में था। कारणों का स्पष्ठ पता नहीं चल पाया है, मामले की जांच जारी है।

### कबीर संत के साथ ही ...

मध्यकालीन भारत के तत्कालीन समाज में व्याप्त अंधविश्वास, रूढ़विाद, पाखण्ड का घोर विरोध किया। कबीर दास जी ने उस काल में भारतीय समाज में विभिन्न धर्मों और सामाजिक लोगों के बीच आपसी मेल-जोल और भाईचारे का मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य राजा गौकरण साहू , हेमनाथ साहू सरपंच कुरूद, उपसरपंच राका विनय साहू, चोवा राम साहू ,शत्रुध्न साहू, रजत यदु ,श्याम लाल साहू ,खेदु राम साहू, दाऊ राम साहू, खोर बाहरा साहू प्रमोद साहू सहित समस्त ग्रामवासी जनप्रतिनिधिगण कबीर पंथ के अनुयायी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### फिट इंडिया सायकल कैम्पेन का आयोजन

**दुर्ग।** भारतीय खेल विकास प्राधिकरण एवं संचालनालय के निर्देशानुसार सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा खेलों इंडिया लघु कबड्डी ट्रेनिग सेंटर मर्रा पाटन जिला में फिट इंडिया सायकल कैम्पेन का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित ग्रामीणजन खिलेश वर्मा अध्यक्ष शाला प्रबंधक समिति मर्रा, संतोष यादव पीटीआई मर्रा एवं कबड्डी प्रशिक्षक भरतलाल ताम्रकार के नेतृत्व में किया गया। जिसमें खेलों इंडिया सेंटर मर्रा पाटन के कबड्डी खिलाडियों द्वारा देश में होने वाले प्रदूषण को रोकने एवं स्वस्थ रहने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए सायकल रैली निकाल कर संदेश दिया। भारत सरकार की योजना के अन्तर्गत संचालित खेलों इंडिया लघु कबड्डी सेंटर के खिलाड़ियों ने एक साथ जिले के नागरिकों को अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने एवं प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से सायकल रैली निकाली गई। 22 मई को केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया द्वारा प्रोत्साहित किया गया। प्रत्येक रविवार को सायकल रैली के लिए खिलाड़ियों को जूम मीटिंग के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 30 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक में 30 मई को सुबह 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट केम्प में वृंदा इंजीनियर्स प्रालि के 220 पद एवं सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड के 5 पद कुल 225 रिक्त पदों हेतु भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी।

### न्यायालय से एसी के केबल की चोरी, शिकायत

**दुर्ग।** जिला अधिवक्ता संघ ने पुलिस अधीक्षक से एसी के आडटर डोर केबल के चोरी होने की शिकायत की है। जिला न्यायालय परिसर 1000 वर्गफीट की आउटडोर यूनिट की चोरी की सूचना एवं सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने हेतु अनुरोध किया गया है। जिला न्यायालय परिसर स्थित संघ के कक्ष कमांक-04 में लगे नये एसी का आउटडोर यूनिट चोरी हो गया, साथ ही कुछ दिन पहले उसी एसी का आउटडोर यूनिट की कापर पाईप भी भी चोरी हो गया था। कहा है वर्तमान में जिला न्यायालय परिसर, दुर्ग में चोरी की घटना दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। इसी संबंध में पूर्व में भी श्रीमान थाना प्रभारी सीटी कोतवाली दुर्ग को चोरी की जानकरी लिखित में दी जा चुकी है।

### झीरम घाटी में नक्सली हमले में मारे गए शहीदों और कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि

**भिलाई।** झीरम घाटी की दर्दनाक घटना को स्मरण करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस रिसाली नगर निगम के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान शहीद हुए जवानों, जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन रखा गया। आयोजन में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस घटना में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, विद्या चरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार सहित अन्य 30 से ज्यादा लोगों ने जान गंवाई थी।

# समाधान शिविर बना जनसमस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच

## नगर पालिका प्रशासन ने लगाया शिविर, आमजनों की समस्याओं का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका परिषद ने मंगलवार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल मैदान के गांधी भवन में आयोजित इस समाधान शिविर में बतौर अतिथि के तौर पर छत्तीसगढ़ राज्य रजककार बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा शामिल रहेझ समाधान शिविर में हितग्राहियों को स्वास्थ्य बीमा योजना कार्ड वितरण सहित समस्याओं का निराकरण किया गया। इस अवसर रजककार बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा आम जनता की वास्तविक जरूरतों के अलावा उनके मांगों एवं समस्याओं को देखकर समझकर समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित करने राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन कर रही है यह शिविर हर दृष्टि से जनहितैषी एवं लोक कल्याणकारी परिलक्षित हो रही है । उन्होंने कहा प्रदेश की सरकार की भरसक प्रयास है कि समाधान शिविर में जन समस्या का निराकरण शत प्रतिशत हो जिससे लोगों को सरकार की जवाब देही दिखे। समाधान शिविर में आम जनता की छोटी से छोटी और बड़ी सी बड़ी समस्याओं का निराकरण किया गया है। सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पालिका द्वारा समाधान शिविर नगर के अलग अलग स्थानों में आयोजित किया जा चुका है । समाधान शिविर में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, हर्ष वर्धन तिवारी,पार्षद पंचू साहू ,गौरव साहू, रवि मुलवानी,रोशन दत्ता, लक्की साहू, धर्मेंद्र साहू सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



### सरकार के मंशानुरूप चला रहा कार्यक्रम

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने तीन चरणों पर सुशासन तिहार तहत समाधान शिविर लगाकर जनता की समस्याओं को तत्काल गुणवत्ता पूर्वक समाधान करने का काम किया है। राज्य सरकार के द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एवं सुशासन के अवधारणा को समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुँचाने का कारगर एवं सार्थक प्रयास किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने आगे कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर देकर समाधान शिविर चलाया जा रहा है। समाधान शिविर आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से शुरू किया गया हैं।

## आयोजन

**समाधान कालेज व नपं साजा में करियर गाइडेंस पर एक दिवसीय कार्यशाला**

# गहन अध्ययन व लगन से परीक्षा की राह होगी आसान : डा. खान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के समाधान महाविद्यालय एवं नगर पंचायत साजा में आयोजित एक माह के निःशुल्क समर कैंप में विद्यार्थियों के कैरियर गाइडेंस एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे करें? पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में पाथ आईएएस एकेडमी के फाउंडर एवं चीफ मेंटर डॉ. हामिद खान रायपुर रहे। उन्होंने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि करियर का चयन रुचिपूर्वक करें, जिसे सीखकर तैयार होकर प्रतिभा को निखार पाएं। तत्पश्चात उस क्षेत्र में गहन अध्ययन व लगन से लग जाएं। उन्होंने आगे कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास और धैर्य की आवश्यकता होती हैं । सही मार्गदर्शन से लक्ष्य को प्राप्त करना आसान हो जाता है। इससे व्यक्ति अपने क्षेत्र में श्रेष्ठता को प्राप्त कर सकता है और करियर में सफल हो सकता है। वर्तमान में करियर के विभिन्न विकल्पों जैसे-व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत होटल मैनेजमेंट व हॉस्पिटैलिटी, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत आईटीआई, नीट व जेईई, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी के तहत फैशन डिजाइनर, स्टार्टअप, पुलिस भर्ती परीक्षा, एसएससी परीक्षा,प्री एग्रीकल्चर परीक्षण व अन्य एंट्रेंस एग्जाम तथा व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की।

**बच्चों ने पूछे सवाल:** तत्पश्चात यूपीएससी और सीजीपीएससी परीक्षाओं में सफलता के लिए तीन चरणों प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के बारे मे विस्तार से बताया।

दीक्षा वर्मा, ध्रुव कुमार यादव, यीशू जांगड़े ने सवाल पूछे। इस उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी हो जो व्यक्ति को समझदार, जॉब व बिजनेसमैन बनकर समाज में भागीदारी दें। दिव्या वर्मा ने पूछा कि आपके लोगों को आईएएस बनाने की कैसे प्राप्त हुई? पढ़ाई पूर्ण करने के पश्चात जॉब करता था, तब मैंने देखा गांव में काफी समय से पानी की समस्या हैं। समस्या के समाधान ढूंढने निकले तो पता चला कि आईएएस की इस समस्या को दूर कर सकते हैं। तब मैंने ठान लिया कि लोगों को आईएएस की पढ़ाई कराकर बनाऊंगा।

सूर्यांश तिवारी ने पूछा यूपीएससी की तैयारी व ग्रेजुएशन की पढ़ाई का टाइम मैनेज कैसे करें? हामिद ने बताया कि सर्वप्रथम ग्रेजुएशन की पढ़ाई को अच्छे से कीजिए तथा समय निकालकर एनसीईआरटी की पुस्तकों का अध्ययन करें व विशेषज्ञों का मार्गदर्शन लेते रहें। कबीर सेन पूछा की सफलता की परिभाषा क्या हैं? उन्होंने बताया कि कार्य ऐसा करें की आसपास के लोग आपसे खुश रहें तथा व्यवस्था में आप अपनी भागीदारी दे पाए। डॉ. खान ने यूपीएससी की परीक्षा के साक्षात्कार के डेमो से संबंधित प्रश्न -उत्तर विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किये। अतिथि को महाविद्यालय के प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल व साजा के आईसेक्ट विनायक के डायरेक्टर तोरणलाल सिन्हा ने आभार व्यक्त किया।



**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू, आईटीआई के अधीक्षक आकाश हिरवानी, साजा के व्यवसायी रामावतार वर्मा, प्राथमिक शाला जाता के शिक्षक यशवंत कुमार शर्मा व अन्य शिक्षक पुष्पलता राजपूत, मालती देवांगन, चेतन सिंह बघेल तथा महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक डॉ. जी. डी. मानिकपुरी, योगेश्वर सिन्हा, रूपेंद्र डहरिया, तुकाराम जोशी, अंशु दत्ता, विनीता अग्रवाल, शुभम गजभिये, रेशमा पटेल, हुतेन्द्र कुमार सिन्हा व जोगेंद्र साहू सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# गुधेली में भाजपा ने लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

भिंभौरी मंडल के ग्राम गुधेली में भाजपा संगठन द्वारा राजमाता लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती वर्ष बहुत ही हर्ष श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया । माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। जिसमें प्रभारी जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा, सह प्रभारी होरिलाल सिन्हा, भिंभौरी मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत नायक, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मार्गदर्शक ओमप्रकाश पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी, मंडल महामंत्री, पोषण वर्मा, जिला पंचायत सभापति राहुल योगराज टिकरिहा, सोसाइटी अध्यक्ष नेतराम परगनिहा, सरपंच सीमा परमेश्वर निषाद, उपसरपंच लिलेश पंकज वर्मा, युवा अध्यक्ष ताकेश्वर सोनी, युवा उपाध्यक्ष जीतू साहू, स्कूल अध्यक्ष शिवा चौहान, बूथ अध्यक्ष रामकुमार वर्मा व देवेंद्र शिवारे, डॉ दिलेंद्र वर्मा, देवदत्त साहू, सभी पंच संजय साहू, टिकेश्वरी परगनिहा, प्रीति निर्मलकर, महेश्वरी साहू, उनीसा निषाद, सुजाता यादव, राधा सोहन साहू, रेणुका साहू समस्त पंच गुधेली, अशोक पांडे, खिलु साहू, डॉ. उत्तम देवांगन, होलूराम साहू, ओपी साहू, पप्पू यादव, जामवंत वर्मा भाजपा कार्यकर्ता भिंभौरी मंडल, गुधेली, महिला स्वसहायता समूह गुधेली आदि मौजूद रहे।

### सतनामी समाज का चुनाव 29 जून को

**भिलाई ।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की वार्षिक आमसभा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि संस्था ने पूर्व में 13 अप्रैल को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि 20 मई तक सदस्यता अभियान चलाया जाए। इसे आगे बढ़ाकर 24 मई किया गया था। आम सभा में पारित प्रस्ताव के आधार पर आगे निर्णय लिया जा सकता है। प्रगतिशील सतनामी समाज का आम चुनाव 29 जून को होगा।

# बेमेतरा शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार की गूंज, कांग्रेस ने लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने जारी बयान में आरोप लगाया है कि जिले एवं बेमेतरा शहर मुख्यालय में भाजपा के राज़ में जनप्रतिनिधियों के संरक्षण पर



बेमेतरा जिला शिक्षा विभाग में खुलेआम लुट खसोट और भ्रष्टाचार का काम चल रहा है। आए दिन दैनिक समाचार पत्रों में हमें पढ़ने को मिल रहा है कि बेमेतरा जिला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद स्कूल शिक्षक भर्ती में भ्रष्टाचार किया गया कभी प्रधान पाठक पदोन्नति में भ्रष्टाचार की खबरें सुनाई पड़ रही है और ताजा मामला बेमेतरा जिले में खनिज न्यास मद के पैसों से बेमेतरा जिले के कन्या सेजेस बेमेतरा देवकर सेजेस और बेरला सेजेस में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से ओपन जिम बनाने को लेकर है।

**तीन शेड उड़े, मरम्मत नहीं- फिर भी लग रहे जिम उपकरण:** पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आरोप लगाया कि बेमेतरा जिले के एकमात्र गर्ल्स हिंदी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बेमेतरा एवं बेमेतरा जिले के शताब्दी स्कूल बेसिक स्कूल में जहां विगत एक वर्ष पूर्व से तूफान के कारण स्कूल का तीन सेड उड़ गया है जहां लगभग 2 से 3000 छात्राएं अध्ययन करती हैं जहां कक्षा छठवीं से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई हो रही है ऐसे स्कूल के मरम्मत को ध्यान न देकर प्राइमरी स्कूल विशेष कर आंगनबाड़ी केंद्रो में लगने वाले व्यायाम उपकरणों को स्वामी आत्मानंद स्मृति हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में लगाया जाना कहीं ना कहीं सत्ता के संरक्षण में हो रहे भ्रष्टाचार को इंगित करता है अन्यथा ऐसा हो ही नहीं सकता की आंगनवाड़ी में लगने वाले व्यायाम उपकरणों को हायर सेकेंडरी स्कूल में लगाया जाए और वह भी तब जब स्कूल का तीन सेड उजड़ा हो उसे लगाया जाना उचित न समझा जा रहा हो भ्रष्टाचार में कहां से पैसा आ सकता है।

### खनिज न्यास मद का बंदरबांट, शिक्षा की अनदेखी

उस पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा हो कुल मिलाकर सारा खेल खनिज न्यास मद के पैसों का बंदर बाट करने का है और जिस तरह से बेमेतरा शिक्षा विभाग आज भ्रष्टाचार का पर्याय बनकर पूरे प्रदेश में उभरा है यह किसी से छिपा नहीं है जहां बात-बात में शिक्षकों से भारी पैमाने पर घूस लिया जा रहा है और प्रशासन मुख्य दर्शक बनकर बैठा है बिना सत्ता संरक्षण के संभव नहीं है आज बेमेतरा की जनता पूरी तरह से परेशान है चारों ओर भ्रष्टाचार को लेकर हाहाकार मचा हुआ है ग्राम पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक में हर कार्य के लिए पैसों की लूट मची हुई है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा शिक्षा विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर जल्द ही आंदोलन की बात कही उन्होंने कहा कि बेमेतरा में चल रहे सत्ता के संरक्षण में भ्रष्टाचार को जनता के कानो तक पहुंचाने का काम जनता के सामने रखने का काम कांग्रेस पार्टी करेगी ताकि आम जनता जान सके भाजपा के शासनकाल में किस तरह से जनता की गाड़ी कमाई लूटी जा रही है भाजपा सरकार नई शराब दुकान तो खोल सकती है किंतु स्कूलों के मरम्मत नहीं करा सकती जबकि सत्ता शासन को अच्छी तरह से मालूम है कि ओपन जिम सामग्री प्रदेश स्तर पर शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में प्रदान की जाती है ऐसे में जिला खनिज मद की राशि का उपयोग जिले के ढांचागत विकास के लिए किया जाना चाहिए विशेष रूप से आवश्यक कार्यों के लिए इन पैसों का उपयोग होना चाहिए ना की विभागीय तौर पर किए जाने वाले कामों के बदले विशिष्ट मद का दुरुपयोग किया जाए।

# नवागढ़ में अध्यात्म कथा सरिता का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नवागढ़ नगर के तत्वावधान में आयोजित पंचदिवसीय अध्यात्म कथा सरिता का भव्य शुभारंभ सोमवार को वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर अमरकंटक आश्रम के योगेश्वरानंद सरस्वती उदासीन एवं प्रसिद्ध कथा वाचक पं. कौशलेंद्र कृष्ण शर्मा ने गीता, अध्यात्म, शिक्षा और धर्म के विविध आयामों पर श्रोताओं को प्रभावशाली प्रवचन दिए।

- विद्या हमें राजा बनना सिखाती है, नौकर नहीं - योगेश्वरानंद सरस्वती
- गीता, भक्ति और सत्संग की महिमा पर बोले पं. कौशलेंद्र कृष्ण शर्मा
- भारतीय शिक्षा और वर्ण व्यवस्था की हुई सार्थक व्याख्या

योगेश्वरानंद सरस्वती ने अपने प्रवचन में कहा कि अध्यात्म की गहराई को समझने के लिए मानसिक स्थिरता, गहरी श्रद्धा और विधिवत अध्ययन आवश्यक है। उन्होंने आत्मबोध का महत्त्व बताया और कहा कि मन का एकाग्र एवं चिंतनशील होना जरूरी है। जब मन शांत और स्थिर होगा तभी अध्यात्म की सच्ची समझ आएगी उन्होंने जोर दिया।



**भारतीय शिक्षा पद्धति का महत्व:** उन्होंने भारतीय शिक्षा प्रणाली की महत्ता बताते हुए कहा कि यह हमें केवल नौकरी की दौड़ में हिस्सा लेने वाला नौकर नहीं बनाती, बल्कि एक राजा के समान नेतृत्व, आत्मनिर्भरता और चरित्र निर्माण की शिक्षा देती है। आज के समय में बच्चों को केवल नौकरी तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए प्रेरित करें, योगेश्वरानंद ने कहा।

**वर्ण व्यवस्था का मूल उद्देश्य समाज को व्यवस्थित बनाना:** सरस्वती ने कहा कि भगवान ने समाज में कर्म के आधार पर कार्य बांटे थे, ताकि प्रत्येक व्यक्ति अपनी योग्यता और गुण के अनुसार जिम्मेदारियां निभा सके। यह व्यवस्था जन्म पर आधारित नहीं, बल्कि कर्म और स्वभाव पर आधारित थी। तभी समाज में सही समानता, समरसता और सुव्यवस्था संभव हो पाती है। इस दृष्टि से वर्ण व्यवस्था का मूल उद्देश्य समाज को व्यवस्थित और संतुलित बनाना था, जिससे सभी वर्गों का विकास हो सके।

**श्रद्धा और विश्वास से जीवन में सफलता:** प्रवचन के अंत में योगेश्वरानंद सरस्वती ने जीवन में श्रद्धा और विश्वास को सबसे बड़ा बल बताया। उन्होंने कहा कि यही दो गुण साधना को सफल बनाते हैं और जीवन में स्थायी सफलता दिलाते हैं।

**गीता और सत्संग की महिमा:** पं. कौशलेंद्र कृष्ण शर्मा ने गीता को जीवन का व्यवहारिक मार्गदर्शन बताते हुए भक्ति, सेवा और सत्संग की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्रोताओं को धर्म की आचरण में निरंतरता बनाए रखने और सत्कर्मों के लिए प्रेरित किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या

कार्यक्रम की भजन संध्या में स्थानीय कलाकारों ने भक्तिपूर्ण प्रस्तुतियां दीं, जिससे वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक हो गया। आयोजकों ने बताया कि शेष चार दिनों तक प्रतिदिन प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर नगर के प्रमुख नागरिक, समाजसेवी एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें देवेन्द्र धर दीवान, महंत सुरेंद्र दास, मिंटू बिसेन, सौरभ ताम्रकार, मिलाप राम साहू, रमेश चौहान, रविन्द्र शर्मा, शेखर शर्मा, रामनारायण पाठक, प्रवीण दत्त दुबे, रामचेत पाल, अमित जैन, लक्ष्मीचंद जैन, केके मिश्रा, गनपत साहू, सुमेन्द्र साहू, श्रीकांत ठाकुर, संतोष देवांगन, विद्यानंद जायसवाल, अशोक पाठक, जेजी गोस्वामी, कृष्णकुमार यादव, रामधुन रजक, संतोष खुराना, अमर खुराना, सम्पत साहू, नरेंद्र जायसवाल, महेश साहू आदि शामिल थे।

## बेमेतरा में रक्तदान, फल वितरण, हवन-पूजन सहित विविध कार्यक्रम

# सेवा, संस्कार और समर्पण का प्रतीक बना योगेश तिवारी का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाजपा किसान मोर्चा के नेता एवं सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी का जन्मदिवस इस वर्ष बेमेतरा में भव्यता और समाज सेवा के साथ मनाया गया। जन्मदिवस को केवल एक उत्सव न मानकर इसे सेवा और संस्कार का प्रतीक बनाते हुए जिलेभर में विविध आयोजन किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों और नागरिकों ने सहभागिता निभाई।

- उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विधायक दीपेश साहू ने दी शुभकामनाएं







**सेवा में समर्पित जन्मदिवस की शुरुआत रक्तदान से:** सुबह की शुरुआत जिला अस्पताल बेमेतरा में रक्तदान शिविर से हुई, जहां बड़ी संख्या में युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। रक्तदान के बाद मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में पीयूष शर्मा, अखिलेश साहू, मनोज पटेल, गोवर्धन साहू, शिवम दीवान, कोमल देवांगन, मासूम पाण्डेय, ह्यूमेंद्र ध्रुवे (सरपंच बूढ़ेरा), लेखूराम वर्मा, शुभम सोनी, रमेश वर्मा, गोकुल पार्कर (सरपंच कोदवा) सहित अनेक कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

**हवन-पूजन का हुआ आयोजन:** इसके पश्चात बेरला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी मरीजों व उनके परिजनों को फल वितरण कर जन्मदिवस को सेवा दिवस में तब्दील किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में पवित्र करोकन्या मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन आयोजित हुआ। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने राष्ट्र, प्रदेश, संगठन व समाज की सुख-समृद्धि हेतु आहुतियां समर्पित कीं। मुख्य कार्यक्रम बेमेतरा रेस्ट हाउस में आयोजित किया गया, जहां छत्तीसगढ़ राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने योगेश तिवारी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योगेश तिवारी केवल एक नेता नहीं, बल्कि सेवा और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा हैं। उनका सामाजिक समर्पण अनुकरणीय है।

### समाज सेवा से जुड़कर ही जन्मदिवस सार्थक होता है: तिवारी

योगेश तिवारी ने कहा कि मेरा जन्मदिवस तभी सार्थक है जब मैं समाज, विशेषकर जरूरतमंदों के काम आ सकूं। रक्तदान हो, मरीजों की सेवा हो या देव पूजन – यह सब हमारे सनातन संस्कारों और भाजपा की सेवा भावना से जुड़े हैं। मैं हर वर्ष इसे इसी तरह सेवा और समर्पण के साथ मनाता रहूंगा। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, वरिष्ठ नेता पहलाद रजक, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी होरीलाल सिन्हा सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा व अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

